केवल चिकित्सकों
एवं औषधालयों
के लिये

M/s ATMAN TRADERS
3rd Floor Partap Garh
Kanak Mandi, JAMMU

बैद्यनाथ
पंचाङ्ग
संवत् २०५९

देशी दवाओं का
सबसे बड़ा और
विश्वसनीय
कारखाना

श्री
बैद्यनाथ
आयुर्वेद भवन प्रा. लि.

कोलकाता–पटना
झाँसी–नागपुर
नैनी (इलाहाबाद)

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

आपके कल के डॉक्टर व इन्जीनियर को आज जरुरत है बैद्यनाथ शंखपुष्पी की

आपके लाडलें का उज्वल भविष्य आपका सपना है पर आजकी तीव्र प्रतिस्पर्धा व बढ़ा हुआ पढ़ाई का बोझ आपके लिये चिंता का विषय भी है। ऐसे माहौल में आपके बच्चे को जरुरत है एकाग्रता एवं समझने की क्षमता की। उसे जरुरत है बैद्यनाथ शंखपुष्पी की तो आजही से अपने लाडले को दिजिये।

ब्राम्ही युक्त

बैद्यनाथ

शंखपुष्पी

बुद्धिवर्धक टॉनिक

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

"बैद्यनाथ की सेवाएँ बहुत उपयोगी है और मैं उनको बधाई देना चाहता हूँ"

... प्रधानमंत्री, श्री अटल बिहारी वाजपाई

प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी, वाजपाई ने
पं. रामनारायण शर्मा वैद्य पुरस्कार
वितरित करते हुए इन शब्दों में
बैद्यनाथ की प्रशंसा की, उन्होने यह भी कहा कि,
मुझे बड़ी प्रसन्नता है कि इस ट्रस्ट ने आयुर्वेद के प्रचार
और प्रसार के लिए बहुत काम किया,
ठोस काम किया है",
माननीय प्रधानमंत्री के इन विचारों पर बैद्यनाथ को गर्व है।

बैद्यनाथ

shellsadvertising.com

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

बैद्यनाथ और हमारे नेता

भारतीय गणतन्त्र के प्रथम राष्ट्रपति स्व. डॉ. राजेन्द्रप्रसाद की शुभकामना

श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लिमिटेड ने काँग्रेस प्रदर्शनी में भारतीय औषधियों और आयुर्वेदीय रीति से चिकित्सा का प्रबन्ध किया। मैंने उसे देखा और सब प्रबन्ध को देखकर बहुत खुश हुआ। आयुर्वेद का पुनरूद्धार अत्यन्त आवश्यक है और इस प्रकार के प्रबन्ध से उसमें बहुत लाभ होगा। मैं इस संस्था की सफलता चाहता हूँ।

- राजेन्द्र प्रसाद

भूतपूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन् की शुभ सम्मति

आयुर्वेद एक निर्दोष चिकित्सा-पद्धति है। यह केवल व्याधियों का विज्ञान न होकर स्वास्थ्य का विज्ञान है। यह मनुष्य को और दीर्घजीवी बनाता है। जितना प्राचीन अनुभव आयुर्वेद का है, उतना किसी अन्य चिकित्सा-पद्धति का नही।

- सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन

भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पं. जवाहरलाल नेहरू की शुभ सम्मति

इस बात में सन्देह की तनिक भी गुंजाइश नहीं है कि भारत की प्राचीन (आयुर्वेदीय) चिकित्सा पद्धति का अत्यन्त सम्मानजनक इतिहास तथा विपुल ख्याति रही है। भूतकाल के ज्ञान और अनुभवों के इस विशाल भण्डार की उपेक्षा एक भयंकर भूल होगी।

- पंडित जवाहरलाल नेहरू

भूतपूर्व प्रधानमन्त्री स्वर्गीय श्री लालबहादुर शास्त्री की शुभ सम्मति

इसमें रंचक सन्देह नहीं कि आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धतियाँ संसार को भारत की एक विशेष देन है।

- लालबहादुर शास्त्री

भारत के प्रधानमन्त्री स्व. श्री मोरारजी देसाई की शुभकामना

श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लिमिटेड की औषधि निर्माण शाला का निरीक्षण कर मुझे प्रसन्नता हुई। इससे मेरा यह विश्वास दृढ़तर होता है कि आयुर्वेद-विज्ञान के अनुसंधान की दिशा में इस प्रतिष्ठान द्वारा अनुष्ठान कार्य अधिकाधिक प्रगति करते रहेंगे।

- श्री मोरारजी देसाई

प्राचीन आयुर्वेदीय संहिता के संशोधक, अखिल भारतवर्षीय आयुर्वेद-महासम्मेलन और विद्यापीठ के भूतपूर्व सभापति, आयुर्वेदोद्धारक स्वर्गीय यादवजी त्रिकमजी आचार्य की शुभ सम्मति

श्री बैद्यनाथ आयुर्वेद भवन लिमिटेड में प्रस्तुत होनेवाली औषधियों के नुस्खों को मैं जानता हूँ और औषधालय कई बार देखा है। मेरा जहाँ तक अनुभव है, इनके यहाँ विश्वसनीय दवाएँ बनती है।

- वैद्य यादवजी त्रिकमजी आचार्य

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

प्रमुख रोगानुसार बैद्यनाथ औषधियाँ

विषय	पृष्ठ
अतिसार –	
कुटजारिष्ट	६७
साधारण ज्वर –	
मृत्युञ्जय रस	५६
आनन्दभैरव रस	५३
मियादी बुखार –	
कस्तुरी भैरव बृहत्	५३
ब्राह्मी बटी	६०
लक्ष्मी विलास रस	५७
मलेरिया बुखार –	
प्राणदा	७१
सर्दी जुकाम फ्ल्यु –	
महालक्ष्मी विलास रस	५६
त्रिभुवनकीर्ति रस	५५
गोदन्ती भस्म	४९
जीर्णज्वर –	
बसन्तमालती रस	५५
जयमंगल रस	५४
अजीर्ण मन्दाग्नि –	
अग्निवर्धक बटी	५९
राज बटी	६०
लवणभास्कर चूर्ण	६३
हिंग्वष्टक चूर्ण	६३
पेट दर्द –	
महाशंख बटी	६०
शूलवर्जिनी बटी	६०
अर्कपुदीना	७०
गैस (पेट में वायु) –	
गैसान्तक बटी	७१
लशुनादि बटी	६०
शंख बटी	६०
हिंग्वष्टक चूर्ण	६३
संग्रहणी –	
स्वर्ण पर्पटी	६२
लौह पर्पटी	६२
चित्रकादी बटी	५९
कब्जियत –	
विरेचनी	७१
इच्छाभेदी	५३
पंचसकार चूर्ण	६३
त्रिफला चूर्ण	६३
आँव पेचिश –	
ईसब्बेल	७०
अतिसार (पतले दस्त)	
पीयूषवल्ली रस	५५
गंगाधर रस	५४
कफ, खाँसी –	
कासामृत	७०
च्यवनप्राश	६४
वासावलेह	६४
चन्द्रामृत रस	५४
लवंगादि बटी	६०
श्वास दमा –	
श्वासचिन्तामणि	५७
श्वासकुठार रस	५७
श्वासकल्प	७३
मल्ल सिन्दूर	५२
च्यवनप्राश	६४
कनकासव	६७
अम्लपित्त –	
सूतशेखर रस	५८
अम्लपित्तान्तक-योग	७१
धात्री लौह	५८
पित्त विकार (दाह उष्णता)	
मोती पिष्टी	५०
सूतशेखर नं.१	५७
प्रवाल पिष्टी	५०
कामदुधा रस	५३
स्वर्णमाक्षिक	५१
दाड़िमावलेह	७०
वात विकार –	
वातचिन्तामणि	५७
योगेन्द्र रस	५६
रसराज रस	५७
महानारायण तैल	६५
महाविषगर्भ तैल	६५
बच्चों के रोग –	
जन्मघूंटी	७२
कुमारकल्याण रस	५४
रसपीपरी	५६
अरविन्दासव	६७
शंखपुष्पी तैल	६५
स्त्रीरोग –	
अशोकारिष्ट	६६
सुन्दरी कल्प	७४
प्रदरान्तक रस	५५
[illegible] चूर्ण	६३
प्रसूत रोग –	
दशमूलारिष्ट	६७
प्रतापलंकेश्वर	५५
सुपारी पाक	६४
सूतिकाभरण	५८
नेत्ररोग –	
सप्तामृत लौह	५९
त्रिफला घृत	६९
शारीरिक कमजोरी –	
सिद्धमकरध्वज स्पेशल	५१
वसन्तकुसुमाकर	५५
च्यवनप्राश स्पेशल	६४
द्राक्षासव	६८
मृतसंजीवनी सुरा	७२
दिमागी कमजोरी –	
ब्रेनटेब	७२
सारस्वतारिष्ट	६९
ब्राह्मी तैल	६४
आमवात –	
योगराज गुग्गुलु	६१
आमवातारि रस	५३
सैंधवादि तैल	६५
एरण्ड पाक	६४
सरदर्द –	
शिर:शूलादिवज्र रस	५७
षडबिन्दु तैल	६५
[illegible]	७२

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

विषय	पृष्ठ
मूत्रविकार -	
स्वर्णबंग	५२
बंग भस्म	५०
चन्द्रप्रभा बटी	५९
चन्दनासव	६७
खून की कमी, पीलिया	
लौह भस्म	५०
मण्डूर भस्म	५०
नवायस लौह मण्डूर	५८
लौहासव	६९
पुनर्नवादि मण्डूर	५८
आरोग्यवर्धिनी बटी	५३
खून की खराबी -	
सुरक्ता	७४
रक्तशोधक बटी	७३
रसमाणिक्य रस	५६
सारिवाद्यारिष्ट	६९
फोडा, फुन्सी, घाव -	
चर्मरोगारि	७०
सुरक्ता	७४
रक्तपित्त -	
कामदुधा रस	५३
चन्द्रकला रस	५४
वासावलेह	६४
वासारिष्ट	६८
अकीक भस्म	४९
कहरवा पिष्टी	४९
शिलासिन्दूर	५२
चालमूंगरा तैल	७०
गन्धक रसायन	५४
घाव मलहम	७०
तिल्ली, जिगर -	
तिल्ली की दवा	७०
कुमारी आसव	६७
आरोग्यवर्धिनी बटी	५३
अर्श बवासीर -	
बवासीर मलहम	७१
अर्शकुठार रस	५३
अभयारिष्ट	६७
अर्शोघ्नी बटी	५९
कांकायन बटी	५९
अकीक भस्म	४९
दिल के लिए -	
अकीक पिष्टी	४९
स्वर्ण भस्म	५१
मोती भस्म	४९
जवाहर मोहरा	७२
अभ्रक भस्म	४९
योगेन्द्र भस्म	५६
अर्जुनारिष्ट	६७
याकूती	५६
चोट, मोच तथा जले कटे पर	
सप्तगुण तैल	७३
हीलर मलहम	७३
फुफ्फुसावरण शोथ -	
कल्याणसुन्दर रस	५३
प्रवाल भस्म	५०
महालक्ष्मी विलास रस	५६
शृंग भस्म	५१

विषय सूची

विषय	पृष्ठ
पंतप्रधान मा. अटल बिहारी वाजपाई द्वारा	
बैद्यनाथ प्रशंसा	१
बैद्यनाथ और हमारे नेता	२
बैद्यनाथ औषधियाँ	३-४
विषय सूची	४
पंचांग का इतिहास, उपयोग, स्वरूप और देखने की विधी	५-६
बैद्यनाथ पंचाग खण्ड	
वर्षफल	७-८
राशिफल	८-१०
सन २००२ में	
पडनेवाला ग्रहण	११
विविध मुहूर्त	११
वर्ष का आय व्यय,बचत	१२
ज्योतिष क्या है	१३
उपनयन विवाह मुहूर्त	१५-१७
संवत् २०५९ की घटनायें	१७-२०
तिथि मिथि	२१-४४
बैद्यनाथ विकास का इतिहास	४५-४६
बैद्यनाथ की बृहत् निर्माण शालाएँ	४७
बैद्यनाथ औषधि विवरण	
बैद्यनाथ विशिष्ट उत्पादन धातु भस्म तथा पिष्टी	४८-५१
कूपीपक्व रसायन	५१-५२
रस रसायन	५२-५८
लौह मण्डूर	५८-५९
बटी गोलियाँ	५९-६०
गुग्गुलु	६१
पर्पटी	६१
चूर्ण	६२-६३
अवलेह-मोदक-पाक	६३-६४
औषध केश तैल	६४
औषध तैल	६४-६५
प्रवाही क्वाथ	६६
आसव अरिष्ट	६६-६९
घृत	६९
आयुर्वेदिक विविध एवं उपयोगी द्रव्य समूह	६९-७०
अनुभूत औषधियाँ	७०-७१
आयुर्वेदिय अनुभूत औषधियाँ	७१-७४
अन्य उपयोगी द्रव्य समूह	७४
आयुर्वेदिक प्रकाशन	७४-७८
विशिष्ट रोगोंपर खास दवायें	७९-८०

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

पंचांग का इतिहास, उपयोग, स्वरूप और देखने की विधि

इह-परलोक-सुख-साधन यज्ञ-योग है, यह वैदिक विद्वानों ने 'स्वर्ग-कामोयजेत' इत्यादि वेद द्वारा जाना। यज्ञ-याग किस समय करने चाहिये, इसके लिए काल विधान-शास्त्र ज्यौतिष वेदांग का प्रादुर्भाव हुआ। तभी से काल-ज्ञानपार्थ पंचांग-निर्माण चल रहा है।

काल- सूर्य-क्रिया ही काल है। सूर्य ही चर, स्थित जगत की आत्मा है, अतः भगवान सूर्य को ही प्रधानता देकर पंचांग-निर्माण होता है। विराट पुरुष भगवान के मन से चन्द्रमा, तथा नेत्रों से सूर्य बना है। उसके द्वारा ही भगवान सबको देखते है तथा सुरक्षा भी करते हैं। गुरु उस विराट पुरुष की बुद्धि है, अतः इन तीनों का संकल्प में अवश्य पंचांग में भी सर्वत्र अधिक उपयोग होता है।

भारतीय संस्कृति को जीवित रखने का महत्वपूर्ण काम भारतीय पंचांगों द्वारा ही होता आया है। इसके पाँच प्रधान अंग होने से ही इसे पंचांग कहते हैं। वार, तिथि, नक्षत्र, योग और करण, ये पाँच अंग पंचांग आरम्भ से रखे जाते हैं।

वार- सर्व विश्व में वार सात ही होते हैं, कारण शनि तक ७ ग्रहों की आकाशस्थ कक्षा में क्रम से आने वाली पहली होरा ही वार है। सूर्योदय से सूर्योदय तक वार होता है। वारजन्य फल इसी के आधार से होता है। पाश्चात्य लोग इसे रात १२ बजे से पुनः रात के १२ बजे तक मानते हैं, भारतीय संस्कृति में ऐसा नहीं है।

तिथि- सूर्य, चन्द्र के पूर्ण मिलन के बाद सूर्य से चन्द्र १२ अंश आगे जाने पर एक चन्द्रकला होती है, यही तिथि है। पूर्ण चन्द्र होने तक १५ कला या तिथि होती है, इन १५ तिथियों को शुक्लपक्ष तथा पुनः चन्द्रकला घटती जाती है, पूर्णकला घटने तक १५ तिथि होती है, इन १५ तिथियों को कृष्णपक्ष कहते हैं। यह शुक्ल-कृष्ण पक्ष मिलकर १ चान्द्र मास होता है। पूर्ण चन्द्र पौर्णिमा को चित्रा नक्षत्र के आसपास रहने से चैत्र मास हुआ, इसी क्रम से विशाखा के आसपास होने से वैशाख मास, ज्येष्ठा के आसपास होने से ज्येष्ठ मास, पूर्वाषाढ़ा से आषाढ़, श्रवण से श्रावण, पूर्वाभाद्रपदा से भाद्रपद, अश्विन से आश्विन, कृत्तिका से कार्तिक, मृगशीर्ष से मार्गशीर्ष, पुष्य से पौष, मघा से माघ, उत्तराफाल्गुनी से फाल्गुन हुए। ये चैत्रादि मासों के अन्वर्थक नाम हैं। सूर्योदय के समय जो चन्द्रकला होगी उसे ही १-२-३ इत्यादि क्रम से पंचांग में लिखते हैं, और जब तक वह कला पूर्ण होगी तब तक समय उसके आगे लिखते हैं। चन्द्रगति ज्यादा होने से कोई तिथि भी सूर्योदय के समय नहीं भी रहती तब तिथि का क्षय हुआ कहते हैं। ऐसे प्रसंग में पक्ष १४ दिनों का होता है। ऐसे ही चन्द्रगति कम होने से दो दिन सूर्योदय के समय जब वही तिथि रहती है तब उसे वृद्धा तिथि कहते हैं, और ऐसे प्रसंगों में पक्ष १५ दिनों का होता है। तिथि क्षय के माने वह तिथि रहती ही नहीं ऐसा नहीं, अपितु किसी भी सूर्योदय के समय वह तिथि

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

का अर्थ है। इसी प्रकार जो नक्षत्र या योग भी किसी सूर्योदय के समय न रहेंगे तो उनका भी क्षय हुआ कहेंगे, परन्तु उनके क्षय या वृद्धि से पक्ष घटता या बढ़ता है। दो सूर्योदय के समय होने से यह वृद्धा तिथि होती है और पक्ष १६ दिनों का होता है।

नक्षत्र- चन्द्र जिस दिन, जिस नक्षत्र में आकाश में दिखने वाला है उस नक्षत्र को उस दिन पंचांग में लिखते हैं। यह पंचांग का तीसरा अंग नक्षत्र है। सूर्योदय से कितने बजे तक चन्द्र उस नक्षत्र में रहेगा यह पंचांग में नक्षत्र के आगे लिखते हैं। ये कुल २७ है।

योग- स्पष्ट सूर्य और स्पष्ट चन्द्र, दोनों का योग जब-जब ८०० कला होता है तब-तब एक योग बनता है, उसका समाप्तिकाल सूर्योदय से पंचांग में लिखते हैं। यह पंचांग का चौथा अंग हैं। ये भी कुल २७ हैं। इनमें व्यतीपात, वैधृति पूर्ण अशुभ हैं। विष्कुंभ तथा वज्र की आरंभ की तीन-तीन घटी, परिण आधा, शूलयोग की पाँच घटी, गंड व अतिगंड की छः घटी, व्याघात योग की ९ घटी अशुभ होती है। क्रान्तिसाम्य को भी व्यतीपात, वैधृति कहते हैं परन्तु वस्तुतः क्रान्तिसाम्य का नाम महापात है। वह भी सब शुभ कामों में वर्ज्य है। यह महापात का उक्त २७ योगों से पृथक् है। गोल पर सब ग्रह घूमते रहते हैं अतः ये सब पंचांग के अंग भी घूम-घूमकर बार-बार आते हैं।

करण- सूर्य से अंश चन्द्र आगे जाता है तब एक करण होता है। सूर्योदय काल में कौन सा करण है और वह कब तक रहेगा यह पंचांग में लिखते हैं। दिन में दो करण होते हैं। इनमें से एक ही करण सूर्योदय के समय रहेगा। करण कुल ११ हैं, इनमें ७ चर करण हैं जो महीने में ८-८ बार घूमकर आते हैं शेष ४ करण महीने में एक ही बार आने से उन्हें स्थिर करण कहते हैं। यह पंचांग का ५वाँ अंग है। चर करणों में भद्रा करण अशुभ है, स्थिर करणों के चारों ही करण अशुभ हैं। वर्षा विचार में करणों का बहुत उपयोग होगा। चन्द्रराशि समाप्ति काल, सूर्योदय, सूर्यास्त, बंगला तारीख दोनों सावन हैं, पंचांग में क्रम से देने की पद्धति है। किस दिन, क्या सर्वार्थसिद्धि आदि सुयोग, भद्रा, वैधृति, व्यतीपातादि कुयोग कब तक हैं, संक्षेप में उसमें क्या करना, न करना इत्यादि उस दिन के आगे लिखते हैं, उस लाइन में पूरा न आने से चिह्न से चिह्न मिलाकर देखें। बाद में रूल के आगे विशेष पर्व लिखे हैं। भारत के सभी प्रान्तों के व्रत, पर्व, उत्सवादि जो विभिन्न नामों से प्रसिद्ध है, वे यहाँ मिलेंगे, कारण *बैद्यनाथ* पंचांग' भारत के सभी प्रान्तों के लाखों-लाखों लोग सादर देखते हैं। कौन महीने में कौन सा गोल, अयन ऋतु आदि है यह भी आपको पंचांग के शीर्ष के ऊपर लिखा मिलेगा। इसी के सामने हर प्रतिपदा अष्टमी के स्पष्ट ग्रहों के चक्र के प्रथमादि क्रम से अंक-राशि अंश, कला, विकला में दिया गया है। 'व' के माने, यह उल्टा चल रहा है, जानें। आरंभ से पंचांग का इतिहास, उपयोग व देखने की विधि, राजा मंत्री अन्वेषित, अनेक विषयप्रतिपादक चित्र है, वर्षफल, मासफल, राशिफल, आय-व्यय-चक्र, ग्रहण विचार ग्रहों के उदयास्त, वक्री मार्गी समय विविध स्वरूप व उपयोग, शुद्धातिशुद्ध उपनयन, विवाह, बसनामुहूर्त्ता, यात्रा मुहूर्त्त, राशि बोधक चक्र, रामशलाका आदि विषय है।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

श्री संवत् २०५९ का वर्ष-फल

पूर्व सम्पादक :- न्यायशास्त्र चूड़ामणि प्राध्यापक, ज्योतिषशास्त्र धुरन्धर,
ज्योतिषाचार्य, न्यायरत्न, पण्डितभूषण, आचार्य स्व. श्रीजनार्दनशास्त्री खुण्टे,
वर्तमान सम्पादक :- ज्योतिषाचार्य, ज्योतिषमणि, पं. नरहरि जनार्दन शास्त्री खुण्टे एवं
ज्योतिषशास्त्री, ज्योतिषविद् पं. भक्तवत्सल जनार्दनशास्त्री खुण्टे,
के. १८/१८ "खुण्टेप्रासाद" धनधान्येश्वर, वाराणसी, फोन : ३३१३२५, ३३६७६४

जयति जगतः प्रसूतिर्विश्वात्मासहजभूषणं नमसः ।
द्रुतकनकसदृशः दशशतमयूखमालार्चित सविता ।।

विश्व का एकमेव हिन्दू राष्ट्र नेपाल सहित धार्मिक अखण्ड भारत में वर्षारम्भ प्रान्त भेद से है । जैसे कहीं चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से, कहीं कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा से, कहीं वैशाखी से इत्यादि, परन्तु हमारी अखण्ड भारत की धार्मिक एकता यह है कि सम्पूर्ण भारत के राजा तथा उसका मन्त्री मण्डल का कार्यारम्भ एक ही दिन से होता है । वह शुभ दिन है चैत्र शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा । उस दिन से नववर्षारम्भ का वर्ष पति राजा और वैशाखी पर्व का वर्ष पति प्रधानमन्त्री और उसका पूर्ण मन्त्री मण्डल कार्यरत होता है । तदनुसार भारतीय नववर्षारम्भ चैत्र शुक्लपक्ष प्रतिपदा शनिवार १३ अप्रैल सन् २००२ से १ अप्रैल मंगलवार २००३ तक राजा शनि व प्रधान मन्त्री रवि का वर्चस्व रहेगा ।

१३ अप्रैल से ही उत्तर भारत में धार्मिक, सामाजिक, व्यापारिक, राजकीय, राजनैतिक सभी कार्यों में मन्मथ नाम के संवत्सर का तथा दक्षिण भारत में नल नाम के संवत्सर का जनता उपयोग करेगी ।

मन्मथ नाम के संवत्सर का फल - धान्य, परिपूर्ण होगा, मंत्रियों में विरोध उत्पन्न होगा । चैत्र में कहीं-कहीं वर्षा होगी, अन्न सस्ता होगा, आगे खाद्यान्न के दामों में तेजी आयेगी, नये-नये रोग उत्पन्न होंगे, वस्त्र सस्ते होंगे । सावन में वर्षा कम होगी भाद्रपद मास में वर्षा अच्छी होगी ।

राजा शनि के कारण राजशासन की तरह प्रायः एक तन्त्री शासन चलेगा । अखण्ड भारत में वर्षा सामान्य ही होगी, परन्तु कहीं-कहीं बहुत तेज वर्षा होने से जन-धन की हानि होगी और कहीं सूखा पड़ने की सम्भावना है, टिड्डी दल, मूषक सक्रिय होकर फसल को नुकसान पहुंचायेंगे । शीत खूब पड़ेगा, तथा किसी विशेष रोग से जन हानि हो सकती है । आंधी-तूफान से काफी नुकसान होगा । बाहरी शत्रु आक्रमण कर सकता है, सावधान रहना चाहिए, गृहकलह से जनता त्रस्त होगी, आतंकवादी कहीं-कहीं अराजकता फैलाने में सफल हो सकते है । शान्तिवार्ता सफल होगी। लोहे का व्यापार बढ़ेगा । धान्य वस्त्र और शस्त्र महंगे होंगे । बिजली, गैस, अरहर, मूंग, चना, रेशमी वस्त्र, ऊँख आदि के दाम बढ़ेंगे । शासन द्वारा धीरे-धीरे परन्तु कोई ठोस कार्य होने से यश बढ़ेगा । विश्व में भारत की शक्ति प्रख्यात होगी । विश्व की कोई शक्ति भारत को नीचा नहीं दिखा सकती । शत्रु को नष्ट करना होगा । आर्थिक स्थिति कुछ जरुर सुधरेगी । परराष्ट्र से व्यापार अच्छा होगा । नये-नये अनेक कारखाने बनेंगे। विज्ञान में प्रगति होगी । प्रगति की ओर ले जाने के लिए नया आविष्कार प्राप्त होगा। शत्रु पैदा होंगे परन्तु वह नष्ट भी होंगे। बड़े-बड़े राष्ट्रों का शान्ति स्थापन के विषय में मतैक्य होगा, व्यापारिक समझौते होंगे । पाकिस्तान में गृह कलह होने की सम्भावना है । पूर्व देशों में भूचाल आने की सम्भावना है । रेलवे तथा बड़े कारखानों में भयंकर अपघात से जन-धन की हानि होने की सम्भावना है । देश के महान नेता का स्वर्गारोहण होगा । सोने के दामों में उतार-चढ़ाव होता रहेगा । मुस्लिम देशों से सभी देश सावधान रहने का सोचेंगे । कहीं भूकम्प आ सकता है, कहीं के कास्तकार प्रसन्न होंगे, तथा कहीं के किसान काफी दुःखी रहेंगे, सरकार कोरा आश्वासन देती रहेगी । चोरी, डकैती, लूट हत्या, अपहरण की घटना अधिक होने से व्यापारी वर्ग दुःखी रहेगा । भारत का वैभव अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में बना रहेगा, पड़ोसी

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

देश कुछ उपद्रव कर सकता है किन्तु वह पराजित होगा। सारा भारत एक होकर रहेगा, पूर्व-धान्य, अग्र-धान्य प्रचुर होगा। निर्माण कार्य खूब होगा, अनेक बांध बनेंगे, और नहरें निकलेंगी। अर्थ व्यवस्था सुधरेगी, सेना दक्ष रहेगी, आतंरिक सुरक्षा होगी, न्याय विभाग दक्षता से कार्यरत होगा, विदेशों से मैत्री बढ़ेगी। युद्ध नीति शत्रु को भयभीत रखेगी, विज्ञान क्षेत्र की उन्नति होगी, कला-कौशल में विजय मिलेगी, अनेक योजनाएं बनेंगी। ये योजना अवश्य लाभदायक होगी। बाढ़ के कारण कहीं-कहीं नुकसान होगा, वर्षा अच्छी होगी।

मन्त्री सूर्य होने के कारण- व्यापारियों को लाभ होगा, अधिकारियों का प्रजा के प्रति क्रूर व्यवहार, चोरी, डकैती, की घटनाएं अधिक होंगी। अन्नों की पैदावार अच्छी होगी। पूर्व धान्येश बुध, मेघेश शनि, रसेश गुरु, फलेश शुक्र, ये अपने काम ठीक करेंगे।

ज्ञान के क्षेत्र में भारत का गौरव बढ़ेगा। केतु तोड़-फोड़ हड़ताल, असहयोग द्वारा कार्य बिगाड़ना चाहता है किन्तु शासन कड़ाई से बचाने का प्रयत्न करेगा। राजनीति में ऊतार-चढ़ाव बनेगा। विदेशों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा। भारत का वर्चस्व बढ़ेगा। निर्माण कार्य में तेजी आयेगी। दैवी प्रकोप से सरकार चिन्तित होगी। किसी विशिष्ट व्यक्ति की हानि होगी। कुछ-कुछ मतभेद होते रहेंगे। सीमा पर युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न होगी। सरकार कड़ाई से जवाब देगी। बाद में समझौते का प्रयास भी करेगी। सूचना एवं संचार विभाग में उन्नति होगी। नई-नई योजनाऐं बनेंगी। देश के विकास के लिए सभी बातें करेंगे। वर्षा अच्छी होने से कास्तकार प्रसन्न होंगे। शासक जनता के हित में कार्य होने के लिए योजनाएँ बनायेंगे। खाद्यान्न के दाम बढ़ने से आक्रोश होगा। रेल तथा यान दुर्घटना से सरकार चिन्तित होगी। उग्रवादी लोग हत्या करेंगे। देश में मांगलिक व धार्मिक कार्य अधिक होंगे। भारत पड़ोसी देशों से सम्बन्ध मधुर बनाना चाहेगा। सभी प्रकार के संघर्ष में देश को विजय मिलेगी। प्रचुर धान्य पैदा होगा। वैदेशिक नीति में भारत पूर्ण सफल रहेगा। व्यापार की दृष्टि से दूसरे राष्ट्रों से सम्बन्ध सुधरेगा। अधिकांश कार्य शान्ति से पूर्ण होने का योग है। न्यायपालिका के प्रभावों में वृद्धि होगी। देश के विकास में सबको सहयोग करना चाहिए। हड़ताल, तोड़फोड़, घेराव करके देश की उन्नति में बाधा नहीं पहुँचानी चाहिए। आगजनी वगैरह करने से देश का यानि आप अपना ही नुकसान करते है। देश की एकता बरकरार रखें। देश में शान्ति हो व कोई बाधा न आये, शत्रु पराजित हो इसके लिए सभी को संकल्प के साथ यज्ञ, पूजा करना चाहिए।

ईश्वर सबको खुश व निरोग रखें।

भारतीय नववर्ष संवत् २०५९ पर हमारी शतशत मंगल शुभकामनाऐं :- *- भक्तवत्सल खुण्टे*

श्री संवत् २०७९ में मेषादि द्वादश राशियों का फल

मेष- (चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ) मेष राशि वालों को साढ़ेसाती चल रही है। १६ जुलाई २००२ तक शनि वृष राशि में रहेंगे। आर्थिक कष्ट, पारिवारिक तनाव व रोग होने की भी संभावना है। १६ जुलाई २००२ से ११ जनवरी २००३ तक शनि मिथुन राशि में रहेंगे। इस समय तक आप साढ़ेसाती से बचे रहेंगे। परन्तु सावधान रहना होगा, दुर्घटना होने की सम्भावना है। ११ जनवरी २००३ के बाद शनि पुनः वृष राशि में चले जायेंगे। कुसंगति से बचें, धन हानि की सम्भावना है। किसी-किसी काम में बहुत मन लगेगा किसी में बिलकुल ही नहीं लगेगा। आपसी खट-पट चलेगी। पदोन्नति होगी। मंगलकार्य यशस्वी होंगे। सज्जन मित्र, पुत्र, वाहन, अलंकार सम्मान मिलेगा। अग्नि प्रकोप तथा दुष्ट जंतुओं से कष्ट होगा। आलस्य से काम बिगड़ेगा। मकान विषयक चिन्ता दूर होगी। इस वर्ष आप द्वारा नया व्यापार शुरु होने की सम्भावना है, जो लाभप्रद सिद्ध होगा। आप संवेदनशील व रोमांटिक रहेंगे। इस वर्ष नौकरी में थोड़ी मेहनत के बाद पदोन्नति की आशा है।

वृषभ – (इ, उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वो) वृष राशि वालों को भी साढ़ेसाती चल रही है। जुलाई के बाद काम में सफलता मिलेगी, रुके काम होने लगेंगे। व्यापार में उन्नति तथा नौकरी में पदोन्नति होगी आत्मविश्वास

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection, Jammu. Digitized by eGangotri

बढ़ाना होगा । सन्तान की दृष्टि से थोड़ा कष्ट होगा । वृष राशि वालों के लिए यह वर्ष संघर्ष के बाद सफलता प्राप्ति वाला है । न्याय, अधिकारों तथा मान-सम्मान के लिए लड़ेंगे । सामाजिक कार्यों के प्रति आप पूरी तरह समर्पित रहेंगे । धर्म-कार्य में बाधा उत्पन्न होगी । धन हानि भी हो सकती है । रोग व शारीरिक पीड़ा होने की सम्भावना है । खून की जांच करके उपाय करें अन्यथा उसमें फिजूल खर्च होगा । सूझ अच्छी रहेगी, व्यापार बढ़ेगा । संयत रहने से धन की सुरक्षा होगी । स्त्री द्वारा अच्छा धन लाभ होगा । बड़ों का आशीर्वाद लाभ दायक है ।

मिथुन– (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा) आपको भी साढ़ेसाती चल रही है । व्यापार में हानि व पारिवारिक क्लेश होने की सम्भावना है । न्यायालय सम्बन्धित परेशानियां आ सकती हैं । कार्य आपके पक्ष में हो इसके लिए कड़ा संघर्ष व प्रयत्न करना होगा । ३ जुलाई बाद कुछ सुधार होगा । व्यापार में उन्नति, अर्थिक लाभ प्राप्त होगा । पेट की शिकायत रहेगी । कर्ज बढ़ेगा । परन्तु ईश्वर आराधना करें तो सभी कष्ट दूर होकर आगे सफलता मिलेगी, सम्मान-राज सम्मान भी मिल सकता है । और बातों में वर्ष मध्यम है । स्त्री को शारीरिक कष्ट का सामना करना पड़ेगा । खूब स्नेह, श्रद्धा पूर्वक ईश्वर आराधना से सम्मान व धन की सुरक्षा होगी । पैसा अच्छा कमायेंगे, स्त्री सुखी रहेगी । सभी काम आसानी से होते रहेंगे । आप पर कोई झूठा आरोप लगा सकता है जिससे मनस्ताप व धन हानि हो सकती है । भाइयों का पूर्ण सहयोग रहेगा । आप कोई भी बात अपने पक्ष में मोड़ने में कामयाब होंगे । "श्री राम" लिखकर बिल्व पत्र शिव को चढ़ावें, सुखी रहेंगे ।

कर्क– (ही, हू, हे, हो, उ, डी, डू, डे, डो) लौहपाद का शनि आपको कुछ लाभ दिलायेगा, यश बढ़ेगा, व्यापार व नौकरी में लाभ होगा । परन्तु स्वास्थ के प्रति लापरवाही न करें, कष्ट हो सकता है । धन हानि होने की सम्भावना है, बहुत दिनों से सताने वाला शत्रु परास्त होगा । नये कार्य से लाभ होगा । परीक्षा में सुयश मिलेगा । स्त्री का सहयोग भरपूर मिलेगा । राजकीय संकट आने की सम्भावना है । पुत्रों के सद्वृत्तों से सन्तोष, समाधान रहेगा । स्त्री के तथा खुद के गुप्त रोगों से आप चिन्तित होंगे, उपाय होने में अड़चन आयेगी । कार्य क्षेत्र में अव्यवस्था दूर कर पूर्ण व्यवस्था कायम करेंगे । व्यक्तिगत व व्यापारिक मामलों में नियन्त्रण स्थापित करेंगे । मौन रहने से लाभ होगा ।

सिंह– (मा, मी, मू, मे, टा, टी, टू, टे) नये सम्पर्क से आप लाभ उठा सकते हैं, परन्तु इसके लिए परिश्रम करना होगा । मानसिक तनाव व पारिवारिक कष्ट । जीवन में आई चुनौती को आप स्वीकार करेंगे जिससे शीघ्र ही सफलता आपको मिलेगी । कार्य क्षेत्र में शत्रुओं से सावधान रहे, खेल, कूद, कला से आपको लाभ मिलेगा । पैसा गिलने में थोड़ी देरी लगेगी, परन्तु लाभप्रद सिद्ध होगा । धन की सुरक्षा, स्थान की स्थिरता, बुद्धि की तीक्ष्णता, अनेक लोगों से कलह का बचाव होने के लिए आप को गुरु कृपा प्राप्त करनी होगी । आरोग्य बना रहेगा । कुछ चल सम्पत्ति नष्ट होगी । व्यापार करने के पहले तीर्थ यात्रा करें, गाय व मछली को चारा दें प्रचुर लाभ होगा ।

कन्या– (टो, पा, पी, पू, ष, ठा, ठ, पे, पो) कन्या राशि वालों के लिए यह वर्ष सामान्य लाभ प्रद है । बेकार की बाते विचार करने से मानसिक कष्ट होगा । सकारात्मक बातें सोचकर कार्य करें तो लाभ अवश्य मिलेगा, धूर्तो की बातों में फँसकर अर्थ हानि होगी । स्त्री व संतान के कारण फिजूल खर्च बढ़ेगा । शरीर पीड़ा होगी । गृह कलह से शान्ति भंग होगी । सांम्पत्तिक विषयों से मित्रों में मन-मुटाव होगा । आपकी प्रतिष्ठा बनी रहेगी, नौकरी में पदोन्नति होगी । व्यापार में पहले से अच्छा लाभ होगा, राम रक्षा का पाठ किया करें । मानसिक शान्ति मिलेगी ।

तुला– (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तु, ते) आपको शनि की ढ़ैया चल रही है । जो अपना प्रभाव तो दिखायेगी । आलस्य रहेगा, किसी काम में मन नहीं लगेगा, पारिवारिक कष्ट भी होगा परन्तु आगे कुछ सुधार होगा । व्यापार में सामान्य लाभ होगा, अपने आरोग्य के प्रति सावधान रहें, रोग होने की सम्भावना है । नये शत्रु

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

निर्माण होंगे। वाहन से चोट लगने की सम्भावना है। शुभ कामों में व्यय होगा। नये सहयोगी मिलेंगे, स्त्री का सहयोग मिलेगा। आलस्य का त्याग करेंगे तभी व्यापार में लाभ मिलेगा। पुत्र का सहयोग मिलेगा। नौकरी में पदोन्नति होगी, सत्संगति से मानसिक शान्ती मिलेगी। ईश्वर आराधना करें व माता-पिता को रोज प्रणाम किया करें सभी रोग व कष्ट दूर होंगे।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू) वृश्चिक राशि वालों को भी शनि के कारण आर्थिक कष्ट, मानसिक तनाव, किसी काम में मन नहीं लगेगा, आलस्य बना रहेगा। मगर बीच-बीच में कुछ सुधार होता रहेगा, लाभ भी होगा, कुछ रुके काम पूरें होंगे। मन तथा बुद्धि में तालमेल नहीं रहेगा, किसी निर्णय में जल्दबाजी न करें। कुछ अच्छे कार्य करने से सौभाग्य वृद्धि होगी। भयभीत रहेंगे। खेती की उपज उत्तम होगी। नये मित्र के सहयोग से तरक्की होगी। आप आर्थिक और व्यापारिक योजनाएं नियोजित कर खामियों को ढ़ाकने में सफल होंगे। रुकावट दूर करने और कार्य की अधिकता में व्यस्त रहेंगे। पैसा अनेक मार्गो से आयेगा परन्तु बचेगा नहीं। पुराने झगड़े बढ़ेंगे। पुत्रों के यश के साथ आपका यश बढ़ेगा। भूमि वाहन का सुख उत्तम हैं ईश्वर आराधना से बाधा दूर होगी कार्य पूर्ण होंगे।

धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, था, फ़, ढ़ा, ये) चिन्ता थोड़ी कम होगी, व्यापार- धन्धे में उन्नति होगी, भाग्योदय व पारिवारिक सहयोग पूरा मिलेगा। किसी कार्य को करने के पहले उस पर विचार कर लें। यात्रा का योग है। आपको व सह धर्मचारिणी को शरीर सुख श्रेष्ठ है। आपके घर मंगल कार्य होगा। राज सम्मान मिलेगा, रोग होने की सम्भावना है। दक्षता आदि गुणों का यश फैलेगा। दुष्ट संगति से कुटिलता बढ़ेगी। पुत्र तथा मित्र से झगड़ा हो सकता है। स्थान लाभ होगा, बड़ों के आशीर्वाद से ही उन्नति होने वाली है। मित्र बल बढ़ेगा। काम-धन्धा व्यवसाय में भी लाभ होने लगेगा। हनुमान चालिसा का पाठ नित्य करें।

मकर- (भो, जा, जी, जू, जे, जो, खा, खी, खू, खे, खो, गा, गी) मकर राशि वालों को आशातीत धनागम होगा, अकल्पित अपव्यय भी होगा। राज सम्मान से कीर्ति को चार चांद लगेंगे। सभ्य मित्रों की वृद्धि होगी। सभी परिवार सुखी होगा। शत्रु नाश व गृह निर्माण होगा। वाणी की चतुराई के कारण आपका कोई काम नहीं रुकेगा। स्वास्थ के प्रति सावधानी बरतें। आपको वायुरोग सतायेगा। राजनीति से भी आपको लाभ मिलेगा। व्यापार व नौकरी में पदोन्नति होगी। संतान के कारण थोड़ा कष्ट होगा, अपमान भी हो सकता है। कलह के कारण मानसिक चिन्ता बनी रहेगी। ईश्वर चिन्तन करने से स्वास्थ ठीक रहेगा।

कुम्भ- (गु, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा) कुम्भ राशि वालों को बड़ो के आशीर्वाद से स्थिर सम्पत्ति होगी। आप खुद अपने वचन का पालन करें। पुत्र प्राप्ति का योग है। स्त्री को शारीरिक पीड़ा होगी। जमीन के क्रय-विक्रय से लाभ, वाणी की कठोरता से दुश्मनों की बढ़ोत्तरी होगी, वाणी पर नियन्त्रण रखें। नौकरी में लाभ हो सकता है। आप जिनका भला करेंगे वे ही आपकी बुराई करेंगे। आपका कोई कुछ नहीं कर सकेगा, ईश्वर कृपा आप पर बनी रहेगी। कृषि से लाभ होगा। नौकरी में कुछ बाधा आ सकती है। आपको शनि के कारण कष्ट होगा, शनि की ढैय्या, कर्ज में वृद्धि, मानसिक क्लेश, दुर्घटना वगैरह कराती है। हनुमान चालिसा का पाठ करने से लाभ होगा, कष्ट कम होगा।

मीन- (दी, दू, थ, झ, त, द, दो, चा, ची) शिक्षा के क्षेत्र में तथा व्यापार- धन्धे में लाभ होता रहेगा। पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। शासकीय कार्मों में सफलता मिलेगी। ३ जुलाई तक चौथा गुरु कष्ट देगा शत्रु भय बना रहेगा, आर्थिक कष्ट भी होगा। ३ जुलाई के बाद पंचम गुरु सब ठीक करेगा। आरोग्य अच्छा रहेगा फिर भी बिगड़ने की शंका से मन भयभीत रहा करेगा, अकस्मात व्यापार में अच्छा धन लाभ होगा। अपमान होने की सम्भावना है। शान्ती की तलाश में अशान्ति ही मिलेगी। पुत्रों की उन्नति में बाधा उत्पन्न होगी। नई सम्पत्ति बढ़ेगी, दुश्मनों के षड्यन्त्र विफल होंगे। आप की कार्य शक्ति में वृद्धि होगी। न्यायालय सम्बन्धित विवाद आपके पक्ष में होगा। यात्रा का लाभ मिलेगा, व्यापार से लाभ होने लगेगा। ईश्वर चिन्तन करने से सभी बाधा दूर होगी।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

संवत् २०५९ में ग्रहण कहां है

सूर्यग्रहण :– ज्येष्ठ कृष्ण ३०, ता. १० जून २००२ को आंशिक सूर्य ग्रहण, आस्ट्रेलिया, कम्बोडिया, क्यूबेन, चीन, कनाड़ा, जापान, कोरिया, हांगकांग, इन्डोनेशिया, मेक्सिको, फिलिपिन्स, उत्तरी अमेरिका, वियतनाम में दिखाई देगा। भारत में यह सुदूर पूर्वी भागों में कुछ स्थानों पर सूर्योदय के बाद ५ से १५ मिनट दिखाई देगा।

दुसरा मार्गशीर्ष कृष्ण ३०, ता. ४ दिसम्बर २००२ को यह पूर्ण सूर्य ग्रहण आस्ट्रेलिया, अंगोला, कमरुन, कांगो, वोत्सवाना, केन्या, मैडागास्कर मोझांबीक, नामीबिया, नाइजिरियां, दक्षिण अफ्रीका, युगांडा, झायेरे, झांबिया, जिम्बाब्वे आदि स्थानों में दिखाई पड़ेगा।

यह सूर्य ग्रहण भारत में दृष्य नहीं है।

नोट :– इस वर्ष चन्द्रग्रहण नहीं है।

विविध मुहूर्ता:

कुआं, तालाब और बावली खुदवाना :– शुभ नक्षत्र अनु., ह, तीनों उ, रो, ध, श, मघा, पूर्वाषाढ़ा, रे, पुष्य, मृगशिरा। चन्द्रमा मकर के उत्तरार्द्ध, मीन या कर्क में हों, बुध या गुरु लग्न में हो, शुक्र १० स्थान में हो और पापग्रह निर्बल हो, शुभ है।

दुकान करना :– शुभ नक्षत्र– मृ, रे, चि, अनु, तीनों उत्तरा, रो, ह, अ, पुष्य, अभि। शुभ तिथियां– १, २, ३, ५, ६, ७, ८, ९, १०, ११, १२, १३, १५, ३०।

शुभ वार :– रवि, सोम, बुध, गुरु, शुक्र और शनि।

शुभ लग्न :– कुम्भ को छोड़कर सब शुभ हैं। जब तक शुक्र चन्द्रमा लग्न में हों, ८, १२ स्थानों में पापग्रह न हों व २, १०, ११ स्थानों में शुभ ग्रह हों।

बीज बोने का मुहूर्त :– राहु जिस नक्षत्र में हो, उससे गिनें। प्रथम ८ नक्षत्र शुभ हैं, बाद के ३ नक्षत्र अशुभ हैं। इसी प्रकार क्रम से १ शुभ, ३ अशुभ, १ शुभ, ३ अशुभ, १ शुभ, ३ अशुभ एवं ४ शुभ होते हैं। मंगलवार को तथा चौथ, नवमी, चतुर्दशी, अमावास्या इन तिथियों को बीज नहीं बोना चाहिए। जिस दिन बीज बोना है, उस दिन का नक्षत्र राहु से गिनने पर कैवां होता है, देखें। बाद राहु नक्षत्र से वह शुभ है या अशुभ देखकर शुभ नक्षत्र में बोआई करें प्रचुर फसल होगी। शुभ लग्न व शुभ तिथि भी रहे।

जल पूजन मुहूर्त :– विवाह के बाद व सौरी के बाद जल पूजा करनी होती है। उसके लिए चन्द्र, बुध, गुरुवार तथा २, ३, ५, ६, ७, ८, १०, ११, १२, १३ तिथियां मृगशिर्ष, पुनर्वसु, पुष्य, हस्त, अनुराधा, नक्षत्र में तथा बुध, गुरु, शुक्र, चन्द्र इन शुभ ग्रह स्वामिक ३-६, ९-१२, २-७, ४ लग्नों में जल पूजा करें भद्रा, व्यतीपात, वैधृति, महापात आदि कुयोग न हों।

पंचतारा ग्रहों में उदयास्त वक्री-मार्गी आदि विवरण

मंगल :– वर्षारम्भ में मंगल वृष राशि में रहेगा। २२ जून को पश्चिम में अस्त होगा। २६ सितम्बर को मंगल पूर्व में उदित होगा। वर्ष के अन्त में मंगल धनु राशि में रहेगा।

बुध :– वर्षारम्भ में बुध मेष राशि में रहेगा। तारीख १७ अप्रैल को बुध पश्चिम में उदय होगा। तारीख १२ मई को बुध वक्री होगा। तारीख २० मई को पश्चिम में अस्त होगा। तारीख ३ जून को बुध मार्गी होगा।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तारीख ७ जून को पूर्व में उदित होगा। तारीख ११ जुलाई को पूर्व में अस्त होगा। तारीख ३ अगस्त को पश्चिम में उदय होगा। तारीख ६ सितम्बर को वक्री होगा। तारीख १५ सितम्बर को पश्चिम में अस्त होगा। तारीख २६ सितम्बर को मार्गी होगा। तारीख २ अक्टूबर को पूर्व में उदित होगा। तारीख २८ अक्टूबर को पूर्व में अस्त होगा। तारीख ८ दिसम्बर को पश्चिम में उदय होगा। तारीख २६ दिसम्बर को वक्री होगा। तारीख ७ जनवरी २००३ को पश्चिम में अस्त होगा। तारीख १६ जनवरी को पूर्व में उदित होगा। तारीख २१ जनवरी को मार्गी होगा। तारीख २६ फरवरी को पूर्व में अस्त होगा। तारीख १ अप्रैल को पश्चिम में उदय होगा। वर्ष के अन्त में बुध मेष राशि में रहेगा।

गुरु :– वर्षारम्भ में गुरु मिथुन राशि में रहेगा। तारीख ३ जुलाई से कर्क राशि में रहेगा। ता. ५ जुलाई को पश्चिम में अस्त होगा। तारीख १ अगस्त को पूर्व में उदित होगा। तारीख ४ दिसम्बर को वक्री होगा। वर्ष के अन्त में गुरु कर्क राशि में रहेगा।

शुक्र :– वर्षारम्भ में शुक्र मेष राशि में रहेगा। तारीख ३ अक्टूबर को वक्री होगा। तारीख २१ अक्टूबर को पश्चिम में अस्त होगा। तारीख २८ अक्टूबर को पूर्व में उदित होगा। तारीख १४ नवम्बर को मार्गी होगा। वर्ष के अन्त में शुक्र कुम्भ राशि में रहेगा।

शनि :– वर्षारम्भ में शनि वृष राशि में रहेगा। तारीख २४ मई को पश्चिम में अस्त होगा। तारीख २६ जून को पूर्व में उदित होगा। तारीख १६ जुलाई को मिथुन राशि में रहेगा। तारीख ५ अक्टूबर को वक्री होगा। तारीख ११ जनवरी २००३ को वृष राशि में रहेगा। तारीख २८ फरवरी को शनि मार्गी होगा। वर्ष के अन्त में शनि वृष राशि में रहेगा।

इस वर्ष का आय-व्यय तथा बचत का विचार

आपकी जो राशि हों नीचे के दोनों चक्र में देखें, उसमें नीचे के दो अंक जोड़ दे, १ घटाकर ८ का भाग दें जो शेष बचें उसका फल क्रमशः १ में लाभ, २ में सौख्य, ३ में क्लेश, ४ में रोग, ५ में अपवाद, ६ में सम्मान, ७ में विजय, तथा ० में हानि होगी।

उदाहरणार्थ :- भरत की राशि धनु है, कल्पना करें कि ये २१ अक्षांश के उत्तर में रहते है। अतः उत्तर देश के चक्र में धनु राशि के नीचे ५ और ११ अंक है। इसका योग १६ हुआ, इसमें १ घटाया और ८ का भाग दिया तो शेष ७ बचा तो इसका फल विजय हुआ। ऐसे ही अभय की राशि मेष है। कल्पना करे की ये २१ अक्षांश के दक्षिण में रहते है। अतः दक्षिण देश के चक्र में मेष राशि के नीचे १४ और १४ अंक है, इसका योग २८ हुआ, इसमें से १ घटाया व ८ से भाग दिया तो शेष ३ बचा, इसका फल क्लेश हुआ। इसी प्रकार अपने-अपने राशि के फल होते है। दोनों राशि के आयों का योग ५ + १४ = १६ हुआ तथा दोनों राशि के व्ययों का योग ११ + १४ = २५ हुआ। अतः धनु एवं मेष राशि वालों ६ व्यय होगा। इसी प्रकार अपनी-अपनी राशि देखें।

२१ उत्तर अक्षांश के उत्तर देश में रहने वालों का आय-व्यय चक्र

राशि-	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय-	८	२	८	२	५	८	२	८	५	१४	१४	५
व्यय-	२	१४	११	५	५	११	१४	५	११	११	११	११

२१ उत्तर अक्षांश के दक्षिण देश में रहने वालों का आय-व्यय चक्र

राशि-	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय-	१४	८	११	५	८	११	८	१४	२	५	५	२
व्यय-	१४	८	५	५	१४	५	८	१४	८	३	२	८

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

विश्व में अपनी-अपनी राशि वालों का बचत कर्जा पट

राशि-	मेष	वृषभ	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
आय-	२२	१०	१६	७	१३	१६	१०	२२	७	१६	१६	७
व्यय-	१६	२२	१६	१०	१६	१६	२२	१६	१६	१३	१३	१६

मेषादि बारह राशियों का आय-व्यय तथा बचत पट

मेष, मकर, कुम्भ को ६ आय होगा।
वृषभ, तुला, धनु, मीन को १२ व्यय होगा।
मिथुन, कन्या, वृश्चिक को ३ आय होगा।
कर्क को ३ व्यय तथा सिंह को ६ व्यय होगा।
सबसे ज्यादा ६ आय मेष, मकर, कुम्भ राशि वालों को होगी।
सबसे ज्यादा १२ व्यय वृषभ, तुला, धनु, मीन राशि वालों को होगा।

ज्योतिष क्या है ? उसके लाभ क्या है ?

ज्योतिष शास्त्र की तीन शाखाएँ हैं, १- गणित अर्थात् विज्ञान, इसके परिणाम सब कोई प्रत्यक्ष देखते हैं। २- संहिता विज्ञान जिसे समझ नहीं सकता कारण यह विज्ञान के ऊपर का विचार है, इसमें मुहूर्त, शकुन, जीवों के लक्षण और उसके संयोग से होने वाले फल आदि हैं। मुहूर्त प्रायः प्रसिद्ध है परंतु उस पर श्रद्धा कम करके मुहूर्त का उपयोग करने का नाटक खेलवाड हो रहा है। रविवार है, धर्मशाला खाली है, बाजा वाला मिल रहा है अतः किसी रविवार को ही विवाह कर लें, विहित नक्षत्र, वार, लग्न बिना देखे ही सुधारक तथा कथित समाजसेवी और प्राचीन शास्त्र सम्मत कार्यों के महत्व को बिना पढ़े, बिना जाने, टिकाकर खुद न मानें कुछ तो भी करके मुहूर्त की टिंगल करने वाले अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारते है।

सूर्य नमस्कार

अथ ध्यानम् - ध्येयः सदा सवित्र मण्डल मध्यवर्ती नारायणः सरसिजासनसनिविष्टः। केयूरवान् मकर कुण्डल वान् किरीटी। हारी हिरण्मयवर्पु-धृतशङ्खचक्रः १ ॐ मित्राय नमः २ ॐ रवये नमः ३ ॐ सूर्याय नमः ४ ॐ भानवे नमः ५ ॐ खगाय नमः ६ ॐ पूष्णे नमः ७ ॐ हिरण्यगर्भाय नमः ८ ॐ भानवे नमः ९ ॐ आदित्याय नमः १० ॐ सवित्रे नमः ११ ॐ अकीय नमः १२ ॐ भास्कराय नमः ।। आदित्याय नमस्कारान् ये कुर्वन्ति दिने-दिने। जनमान्तर सहस्त्रेषु दारिद्रयं नोप जायते ।।१।।

अकालमृत्युहरणं सर्वव्याधिविनाशनम्। सूर्यपादोदकं तीर्थे जठरे धारयाम्यम्।

पंचांग में दिए गए कुछ सांकेतिक अक्षरों के पूर्ण रूप

नक्षत्र नाम

अः अश्विनी। भः भरिणी। कृः कृत्तिका। रोः रोहिणी। मृः मृगशीर्ष। आः आर्द्रा। पुनः पुनर्वसु। पुः पुष्य। श्लेः आश्लेषा। मः मघा। पूः पूर्वाफाल्गुनी। उः उत्तराफाल्गुनी। हः हस्त। चिः चित्रा। स्वाः स्वाती। विः विशाखा। अः अनुराधा। ज्येः ज्येष्ठा। मूः मूल। पूः पूर्वाषाढ़ा। उः उत्तराषाढ़ा। श्रः श्रवण। धः धनिष्ठा। शः शततारका। पूः पूर्वाभाद्रपदा। उः उत्तराभाद्रपदा। रेः रेवती।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

चन्द्रराशिनाम

मे: मेष । वृ: वृषभ । मि: मिथुन । क: कर्क । सिं: सिंह । कं: कन्या । तु: तुला । वृ: वृश्चिक । ध: धनु । म: मकर । कुं: कुम्भ । मी: मीन ।

योगनाम

वि: विष्कुंभ । प्री: प्रीति । आ: आयुष्मान । सौ: सौभाग्य । शो: शोभन । अ: अतिगण्ड । सु: सुकर्मा । धृ: धृति । शू: शूलं । गं: गण्ड । वृ: वृद्धि । ध्रु: ध्रुव । व्या: व्याघात । ह: हर्षण । व: वज्रं । सि: सिद्धि । व्य: व्यतीपात (महापात) । व: वरीयान् । प: परीध । शि: शिव । सि: सिद्ध । सा: साध्य । शु: शुभ । शु: शुक्ल । ब्र: ब्रह्म । ऐं: ऐन्द्र । वैधृति (महापात) । स्पष्ट ग्रहों के चक्र में व: वक्री लिखा है । वह ग्रह उल्टा चल रहा है ।

करणनाम

व: बव । बा: बालव । कौ: कौलव । तै: तैतिल । ग: गर । व: वणिक् । भ: भद्रा । श: शकुनि । च: चतुष्पाद । ना: नाग । किं: किस्तुघ्न ।

सभी प्रकार से, दिन शुद्धि आदि रहते हुए भी कार्यारंभ में अपशकुन हुआ तो कार्य बिगड़ता है अत: शकुन की जानकारी जरुरी है । प्रथम अपशकुन होने पर एक प्राणायाम करके तक आगे कार्यारंभ करें । दोबारा अपशकुन होने पर आठ बार प्राणायाम करके तब आगे कार्यारंभ करें । चार बार अपशकुन होने पर वह कार्यारंभ छोड़ दे । निश्चित बुरा फल होता है । अपशकुन के बाद भी मनोत्साह रहे तो सबसे बड़ा शकुन है । कार्यारंभ करके मनुष्य सफल होगा । "निमित्ता शकुनादिभ्य: प्रधानों हि मनोजय" ।

गुरु-शुक्र का उदय अस्त कब कब

गुरु :- ६ जुलाई सन् २००२ को पश्चिम में अस्त होगा । ३१ जुलाई सन् २००२ को गुरु पूर्व में उदित होगा ।
शुक्र :- ३१ अक्टूबर सन् २००२ को शुक्र पश्चिम में अस्त होगा । ४ नवम्बर सन् २००२ को शुक्र पूर्व में उदित होगा ।

दोनों ही गुरु-शुक्र अस्त के पहले ३ दिन वृद्ध तथा उदय के ३ दिन बाद बाल रहते हैं । शेष विहित दिनों में उपनयन विवाहादि मंगल कार्य हो सकेंगे ।

पल्ली-पतन का शुभाशुभ फल

छिपकली यदि सिर पर गिरे तो राज्य प्राप्ति, ललाट पर बन्धु दर्शन, भौहों के बीच, नासाग्र पर रोग-कष्ट, दाहिने कान पर आयु वृद्धि, बायें कान पर प्रचुर-लाभ, नेत्रों पर बंधन, दक्षिण भुजा पर नृपतृल्यता, वाम भुजा पर राज्य-भय, कंठ पर शत्रु नाश, दोनों स्तनों पर दुर्भाग्य प्राप्ति, पेट पर भूषण लाभ, पीठ पर बुद्धिनाश दोनों जंघों पर शुभागमन, दोनों हाथों पर वस्त्र-लाभ, कंधे पर विजय, नाभि पर प्रचुर धन-प्राप्ति, कमर पर अश्व-लाभ दाहिनें पहुंचे पर मनस्ताप, बायें पर कीर्ति नाश, हृदय पर धन-लाभ, मुख पर मिष्ठान-भोजन, तलवों पर स्त्री नाश, एडी पर बंधन, केशान्त पर निश्चित मृत्यु, दाहिने पर यात्रा, बायें पर हानि और पैर के अंत में मृत्यु होती है । सफेद छिपकली गिरने से ही फल होगा । काली छिपकली का कोई फल नहीं होता । शुभाशुभ कोई फल होने वाली सफेद पल्ली पतन होने पर पहने हुए कपड़ों सहित स्नान करके श्री शिव को घी का दीप जलाना चाहिए ।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

श्री संवत् २०५९ के शुभ तथा शुद्ध विवाह एवं उपनयन मुहूर्त

उपनयन मुहूर्त

चैत्र शुक्ल पक्ष :- ५ बुधवार, १७ अप्रैल, मृगशीर्ष नक्षत्र शुद्ध है। मिथुन लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। शुक्र, चन्द्र का दान करके। कर्क लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं, केतु, गुरु का दान करके।

वैशाख कृष्ण पक्ष :- ३ सोमवार २६ अप्रैल, अनुराधा नक्षत्र शुद्ध है। कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। केतु, गुरु, चन्द्र का दान करके।

५ बुधवार १ मई, मूल नक्षत्र शुद्ध है। कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। गुरु, चन्द्र, केतु का दान करके।

वैशाख शुक्ल पक्ष :- ५ शुक्रवार, १७ मई, पुनर्वसु नक्षत्र शुद्ध है। कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। गुरु, शुक्र, चन्द्र, केतु का दान करके।

११ बुधवार २२ मई, उ.फा. नक्षत्र शुद्ध है। कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। गुरु, शुक्र का दान करके।

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष :- १० गुरुवार २० जून, चित्रा नक्षत्र शुद्ध है। सिंह लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। शुक्र का दान करके। ११ शुक्रवार २१ जून, स्वाती नक्षत्र शुद्ध है। सिंह लग्न में ५ ग्रह इष्ट है। शुक्र का दान करके।

माघ शुक्ल पक्ष :- २ सोमवार, ३ फरवरी, शततारका नक्षत्र शुद्ध है। मीन लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं। चन्द्र का दान करके। १० मंगलवार, ११ फरवरी रोहिणी नक्षत्र शुद्ध है। मीन लग्न में ७ ग्रह इष्ट हैं।

फाल्गुन कृष्ण पक्ष :- २ मंगलवार १८ फरवरी, पू.फा. नक्षत्र शुद्ध है। मीन लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। चन्द्र का दान करके। ३ बुधवार १६ फरवरी, उ.फा. नक्षत्र शुद्ध है। मीन लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं।

चैत्र कृष्ण पक्ष :- २ गुरुवार २० मार्च, चित्रा नक्षत्र शुद्ध है। कर्क लग्न में ७ ग्रह इष्ट हैं। केतु का दान करके।

विवाह मुहूर्त

विशेष :- मंगलवार विवाह के लिए निषिद्ध है अतः मंगलवार के मुहूर्त नहीं दिये गये हैं।

चैत्र शुक्ल पक्ष :- १० सोमवार, २२ अप्रैल २००२ मघा नक्षत्र शुद्ध है। दिवा मिथुन लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं शुक्र, शनि का दान करके। दिवा कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं, बुध, गुरु का दान करके।

१२ बुधवार, २४ अप्रैल २००२ दिवा मिथुन लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। शुक्र, शनि का दान करके। दिवा कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। बुध, गुरु का दान करके।

१५ शनिवार, २७ अप्रैल २००२ स्वाति नक्षत्र शुद्ध है। दिवा कर्क लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं। गुरु का दान करके। दिवा कन्या लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं।

वैशाख कृष्ण पक्ष :- ५ बुधवार, १ मई २००२ मूल नक्षत्र शुद्ध है। दिवा कन्या लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

११ बुधवार ८ मई २००२ उ.भा. नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ मकर लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। रात्रौ कुम्भ लग्न में, ५ ग्रह इष्ट हैं। १२ गुरुवार ९ मई २००२ रात्रौ मकर लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। रात्रौ कुम्भ लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं।

वैशाख शुक्ल पक्ष :– ७ रविवार १९ मई २००२ रात्रौ मीन लग्न में ७ ग्रह इष्ट हैं। चन्द्र का दान करके।

८ सोमवार २० मई २००२, मघा नक्षत्र शुद्ध है। दिवा कर्क लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं। गुरु, शुक्र का दान करके।

११ बुधवार २२ मई २००२ उ.फा. नक्षत्र शुद्ध है। दिवा कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। गुरु, शुक्र का दान करके।

१३ शुक्रवार २४ मई २००२, स्वाती नक्षत्र शुद्ध है। दिवा कन्या लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं, मंगल का दान करके। रात्रौ मीन लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं, चन्द्र का दान करके।

१५ रविवार २६ मई २००२ अनुराधा नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ मकर लग्न में ५ ग्रह इष्ट है। शुक्र का दान करके। रात्रौ मीन लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं।

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष :– १ सोमवार, २७ मई २००२ मूल नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ मीन लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं।

११ गुरुवार ६ जून २००२ रेवती नक्षत्र शुद्ध है। दिवा तुला लग्न में ५ ग्रह इष्ट है। चन्द्र का दान करके।

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष :– ६ रविवार १९ जून २००२ मघा नक्षत्र शुद्ध है। दिवा कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। गुरु का दान करके। दिवा तुला लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। बुध का दान करके।

९ बुधवार १९ जून २००२ हस्त नक्षत्र शुद्ध है। दिवा कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट है। गुरु का दान करके।

११ शुक्रवार, २१ जून २००२ स्वाती नक्षत्र शुद्ध हैं। दिवा कन्या लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। मंगल का दान करके।

१२ शनिवार, २२ जून २००२ अनुराधा नक्षत्र शुद्ध है। दिवा तुला लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। बुध का दान करके। रात्रौ मीन लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। रात्रौ मेष लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं।

आषाढ़ कृष्ण पक्ष :– ६ सोमवार १ जुलाई २००२ उ.भा. नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ मेष लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं। चन्द्र का दान करके।

मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष :– १ बुधवार २० नवम्बर २००२, उ.भा. नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। शुक्र, शनि का दान करके। २ गुरुवार २१ नवम्बर २००२, रोहिणी नक्षत्र शुद्ध है। दिवा मेष लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। बु.शु. मंगल का दान करके। रात्रौ कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। शुक्र, शनि का दान करके।

९ गुरुवार २८ नवम्बर २००२, उ.फा. नक्षत्र शुद्ध है। रा. कर्क लग्न में ५ ग्रह इष्ट है। शनि का दान करके। रात्रौ कन्या लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। चन्द्र का दान करके।

माघ कृष्ण पक्ष :– २ सोमवार २० जनवरी २००३, मघा नक्षत्र शुद्ध है। सायं गोधुलि में शुभ है।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

shells-180-98

गर्मियों में शरीर के लिये प्राकृतिक शीतलता

ग्रीष्म ऋतु की शुरआत, समय है बैद्यनाथ गुलकंद की शुरआत का। गुलाब की पंखुडियों से निर्मित इस असली गुलकंद में है, सदीयों से शरीर को शीतलता पहुंचाने के लिये विख्यात प्रवाल, यह आम्लता, कब्जीयत, आँखों में जलन आदि से आराम दिलाता है. आज ही बैद्यनाथ गुलकंद असली ही ले आइये

बैद्यनाथ
गुलकंद
प्रवाल से समृध्द
आपके शरीर को रखे शीतल

पेट की गैस?

गैसान्तक बटी लीजिए शीघ्र आराम पाईए।

पेट की गैस, खट्टी डकारें, गैस की तकलीफ से होनेवाली बेचैनी, घबराहट और अपचन आदि उदर विकारों के लिये लीजियें।

बैद्यनाथ
गैसान्तक बटी
अपचन और गैस की सुप्रसिध्द बटी

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

रात्रौ तुला लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं।

४ बुधवार २२ जनवरी २००३, उ.फा. नक्षत्र शुद्ध है। गोधुलि में शुभ है। रात्रौ तुला लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। चन्द्र का दान करके। ८ शनिवार २५ जनवरी २००३, स्वाती नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ कन्या लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। शुक्र का दान करके।

१२ बुधवार २६ जनवरी २००३, स्वाती नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ कन्या लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। शुक्र का दान करके। रात्रौ तुला लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं।

माघ शुक्ल पक्ष :- ४ बुधवार ५ फरवरी २००३, उ.भा. नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ धनु लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। गुरु का दान करके। ५ गुरुवार ६ फरवरी २००३, उ.भा. नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ धनु लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। गुरु का दान करके।

९ सोमवार १० फरवरी २००३ रोहिणी नक्षत्र शुद्ध है। सायं गोधुलि में, रात्रौ कन्या लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं।

११ बुधवार १२ फरवरी २००३, मृगशिरा नक्षत्र शुद्ध है। सायं गोधुलि में। १४ रविवार १६ फरवरी २००३, मघा नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ तुला लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। शुक्र का दान करके। रात्रौ धनु लग्न में, ५ ग्रह इष्ट हैं। गुरु का दान करके।

फाल्गुन कृष्ण पक्ष :- १ सोमवार १७ फरवरी २००३, मघा नक्षत्र शुद्ध है। दिवा मीन लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। चन्द्र का दान करके। रात्रौ कन्या लग्न में ६ ग्रह इष्ट हैं। चन्द्र का दान करके।

३ बुधवार १९ फरवरी २००३, उ.फा. नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ धनु लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। गुरु का दान करके।

११ गुरुवार २७ फरवरी २००३, उ.षा. नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ तुला लग्न में ७ ग्रह इष्ट हैं।

१२ शुक्रवार २८ फरवरी २००३, उ.षा. नक्षत्र शुद्ध है। दिवा मीन लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। मंगल, बुध का दान करके।

फाल्गुन शुक्ल पक्ष :- २ बुधवार ५ मार्च २००३, रेवती नक्षत्र शुद्ध है। रात्रौ तुला लग्न गें ६ ग्रह इष्ट हैं। चन्द्र का दान करके।

३ गुरुवार ६ मार्च २००३, रेवती नक्षत्र शुद्ध है। दिवा मेष लग्न में ५ ग्रह इष्ट हैं। चन्द्र का दान करके।

श्री संवत् २०५९ के चैत्रादि मासों में होने वाली घटनाएँ (मासफल)

अमान्त चैत्र :- (१३ अप्रैल से १२ मई तक) अनाज महंगा होगा, जनता में परस्पर विरोध उत्पन्न होगा। राष्ट्रों में युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ब्राह्मण वर्ग को पीड़ा, रोगों की अधिकता, चौपायों को कष्ट, रोहिणी के शुक्र होने से रोगों पर नियन्त्रण होगा। वृक्षों की हानि। बलशाली राष्ट्रों को शान्ति स्थापनार्थ अपने बल का परिचय देना होगा। शान्ति हुई सी दिखेगी। शत्रु पक्ष बल वृद्धि का मार्ग स्वीकारेगा। पूर्व देशों में भूचाल आने की सम्भावना है। कहीं-कहीं सामान्य वर्षा का योग है। खाद्यान्न के दामों में स्थिरता रहेगी। फलों को नुकसान हो सकता है। पशु रोगी होंगे।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

अमान्त वैशाख :- (१३ मई से १० जून तक) समय के पूर्व वर्षा होने की सम्भावना, नदियों का जल कम होगा, बड़े-बड़े नेताओं को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। आगजनी की घटनाएं घट सकती है, घी के दाम तेज होंगे। उपद्रव होने की भी सम्भावनाएं हैं। कहीं विस्फोट होने की सम्भावना है, धान्य के दामों में उतार-चढ़ाव रहेगा, आंधी-तूफान से नुकसान होगा। चौपायों को रोग होगा। सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव जैसी स्थिति बनेगी। सर्वत्र लू व गरम हवा चलेगी। बिजली की आंख मिचौली से जनता त्रस्त रहेगी। श्वेत पदार्थ के दाम बढ़ेंगे।

अमान्त ज्येष्ठ :- (११ जून से १० जुलाई तक) कहीं-कहीं अच्छी वर्षा होगी तथा कहीं सूखा पड़ेगा। सूत, तिल्ली, रुई के दामों में तेजी आयेगी। शासक वर्ग को कष्ट का सामना करना पड़ेगा। दक्षिण व पूर्व में झगड़े, लूट, व अराजकता की-सी स्थिति आयेगी। आंधी-तूफान से जन-धन की हानि होगी। लाल पदार्थ महंगे होगे। साग-सब्जी के दामों में भी तेजी आयेगी। कृषि कार्य गें तेजी आयेगी। इमारती सामान महंगे होंगे। कहीं-कहीं सामान्य वर्षा से राहत मिलेगी। पशु रोगाक्रान्त होंगे। सर्राफा बाजार में तेजी का रुख रहेगा।

अमान्त आषाढ़ :- (११ जुलाई से ८ अगस्त तक) युद्ध जैसी स्थिति उत्पन्न होगी। सीमा पर तनाव बना रहेगा। पशुओं के दामों में वृध्दि होगी। रुई, नमक, लोहा, कपास, तिल, गुड़ महंगे होंगे। वर्षा का योग है। तेज हवा के साथ अच्छी दर्षा का योग है। कास्तकार प्रसन्न होंगे। आंधी-तूफान से नुकसान होगा। भूडोल आने की सम्भावना दिखती है। पश्चिमी देशों में युद्ध जैसी स्थिति व आक्रमण होने की सम्भावना है। कहीं-कहीं बाढ़ के कारण काफी नुकसान होगा। फसल नष्ट होगी। साग-सब्जी के दामों में कमी आयेगी।

अमान्त श्रावण :- (९ अगस्त से ७ सितम्बर तक) शासन सत्ता में परिवर्तन होने की सम्भावना है। अनर्थकारी घटना घटने की सम्भावना है। सत्ता परिवर्तन या कोई अनिष्टकारी घटना घटने की सम्भावना है। दुसरे राष्ट्रों के बीच आपस गें सन्धियाँ होंगी। कुछ नेता अलग होंगे। पार्टियों के आपसी तनाव बढ़ेंगे। सरसो, तीसी, मटर, मूंग, गेहूं इत्यादि के दामों में तेजी आयेगी। वर्षा कहीं-कहीं अधिक होगी। बाढ़ से जन-धन की हानि होगी। बिजली की समस्या बनी रहेगी। सर्राफा बाजार सामान्य रहेगा।

अमान्त भाद्रपद :- (८ सितम्बर से ६ अक्टूबर तक) फसल अच्छी होने से कास्तकार प्रसन्न होंगे। तेलहन के दामों में तेजी आयेगी। दुष्टों की क्रूरता का अतिरेक, आग लगाने की प्रवृत्ति, शासन का लडकपन महंगी, रोग का आक्रमण, जन हानि फसल की कमजोरी देखकर सर्वत्र चिन्ता व्याप्त होगी। धार्मिक वृत्ति जग सकती है। सोना, चांदी, लोहा, ताम्बा के दामों में तेजी आयेगी। यान दुर्घटना होने की सम्भावना है। डाकुओं व उग्रवादियों पर नियन्त्रण होगा। कुछ लोग आत्मसमर्पण भी कर सकते है।

अमान्त आश्विन :- (७ अक्टूबर से ४ नवम्बर तक) सीमाओं पर तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न होगी। खाद्य पदार्थ के दामों में सस्ती का रुख रहेगा। रंगीन पदार्थ के दाग तेज होंगे। खाद्यान्न के दाम कम होंगे। चोरी, डकैती, अपहरण की घटनाएँ घटित होंगी। वस्त्र के दामों में थोड़ी तेजी आयेगी।

CC-0. Late Pt. Manmohan Shastri Collection Jammu. Digitized by eGangotri

सर्राफा बाजार में उतार-चढ़ाव रहेगा। शासन की निन्दा व प्रशंसा दोनों होगी। गुण्डों के आपसी झगड़े आरम्भ होने से जनता को राहत मिलेगी। रोग होने की सम्भावना है। सोना चांदी के दामों में स्थिरता रहेगी।

